आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 12.12.2024 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार की पहली वर्षगांठ के मौके पर 15 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिये। कहा–सरकार युवाओं के सपने पूरे करने के लिए प्रतिबद्ध।
- राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों में 85 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की।
- केन्द्र सरकार देशभर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस इलाज योजना जल्द ही लागू करेगी।
- प्रदेश में सर्दी के तेवर और तीखे हुए–फतेहपुर में आज भी पारा माइनस में दर्ज।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं के सपने पूरे करने के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने आज जोधपुर में उनकी सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने के उपलक्ष में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। श्री शर्मा ने कहा कि पिछली सरकार ने भ्रष्टाचार दिया, लेकिन उनकी सरकार युवाओं के सपने पूरे कर रही है।

.............

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पेपरलीक माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए एमओयू से युवाओं के लिए रोजगार के और अवसर उपलब्ध होंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 15 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी में नियुक्ति के पत्र वितरित किये और 85 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती प्रक्रिया की शुरूआत की। इसके अलावा मेधावी छात्राओं को स्कूटी, दिव्यांगजन को ट्राइसाइकिल और कृत्रिम अंग तथा उपकरण और आयुष्मान कार्ड सौंपे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जैसलमेर, चूरू और दौसा से नर्सिंग ऑफिसर और संगणक पदों पर नवनियुक्त युवाओं से बात कर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार की मां योजना में 18 सौ पैकेज होंगे। इस योजना में प्रदेश के लोग बाहर के राज्य में जा कर भी इलाज करवा सकेंगे। जिलों में भी रोजगार उत्सव आयोजित हुए, जिनमें प्रभारी मंत्रियों और उच्च अधिकारियों ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। जयपुर में प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इसके बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का विशेष ध्यान युवाओं के सपने साकार करने पर है। उन्होंने कहा कि सरकार हजारों सरकारी वैकेंसी निकल चुकी है। साथ ही निजी क्षेत्र में भी व्यापक पैमाने पर रोजगार सृजित करने के लिए उद्योगों को बढ़ा बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।

जैसलमेर में आयोजित कार्यक्रम में गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है।

...........

इस कार्यक्रम से पहले राज्य सरकार की वर्षगांठ के सिलसिले में प्रदेश के सभी जिलों में रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री ने जयपुर में अमर जवान ज्योति से 'रन फॉर विकसित राजस्थान' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इसी उपलक्ष में जिलों में सूचना और जनसम्पर्क विभाग द्वारा विकास प्रदर्शनी लगाई गई हैं। वहीं कई तरह के अन्य आयोजन भी हो रहे हैं। सलूम्बर में आज से हर घर खुशहाली कार्यक्रम शुरू हुआ। भरतपुर में विभिन्न विभागों की ओर से पंच गौरव के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया।

पहली वर्षगांठ के कार्यक्रमों की कड़ी में कल किसान सम्मेलन होंगे। 14 दिसम्बर को महिला सम्मेलन का आयोजन होगा। 15 दिसम्बर को सेवा शिविर, रक्तदान शिविर सहित अन्य कार्यक्रम होंगे।

000

राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों में 85 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की है। आज राजस्थान लोक सेवा आयोग, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, अधीनस्थ सेवा बोर्ड तथा अन्य भर्ती एजेन्सियों की ओर से बडे पैमाने पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती के 52 हजार 453 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 21 मार्च से 19 अप्रैल तक किए जा सकते हैं। इसके साथ ही प्रहरी पद के 803 पदों, वरिष्ठ अध्यापकों के 2 हजार 129 पदों, चिकित्सा शिक्षा विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के 329 पदों और वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के 14 पदों पर भर्ती होगी। वहीं ऊर्जा विभाग के 487 पदों और आरसीडीएफ के 505 पदों की भर्ती प्रक्रिया अगले माह शुरू होगी। इच्छुक उम्मीदवार संबंधित विभागों की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन की प्रक्रिया और पात्रता की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस इलाज योजना जल्द ही पूरे देश में शुरू की जाएगी। आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में श्री गडकरी ने कहा कि छह राज्यों में चल रही योजना जल्द ही उत्तर प्रदेश और बाद में देश के बाकी हिस्सों में शुरू की जाएगी।

.............

राजमार्गों पर दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री गडकरी ने सदस्यों से हर जिले में दुर्घटना निवारण समितियां गठित करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना के 30 प्रतिशत पीड़ितों की मौत शुरुआती इलाज में देरी के कारण होती है। श्री गडकरी ने कहा कि छह राज्यों में लागू कैशलेस उपचार योजना के कारण 21 सौ लोगों की जान बचाई जा सकी है।

000

जयपुर में कल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में हुई दुर्घटना में आज टैक्सी चालक की भी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। यह दुर्घटना कल जयपुर के जगतपुरा इलाके में हुई थी, जिसमें एक टैक्सी ने गलत दिशा से आते हुए मुख्यमंत्री के काफिले की एक गाड़ी को टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में कल जयपुर पुलिस के एएसआई सुरेंद्र सिंह की मौत हो गई थी दुर्घटना में घायल हुए चार पुलिसकर्मियों का इलाज अभी भी जारी है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने ए.एस.आई. सुरेन्द्र सिंह के निधन पर संवेदना व्यक्त की है।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के गांव किठाना को स्वच्छता के लिए रोल मॉडल बनाया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रदेश समन्वयक के.के. गुप्ता ने गांव का दौरा किया और ग्रामीणों के साथ चर्चा कर कार्ययोजना तैयार की। श्री गुप्ता ने गांव में सफाई के लिए सभी घरों में बायोगैस प्लांट लगाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि बायो गैस प्लांट लगाने पर सब्सिडी भी मिलेगी।

000

शाही ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स आज सुबह जयपुर के गांधीनगर स्टेशन पर पहुंची। स्टेशन पर यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। इस ट्रेन में 5 देशों के 30 पर्यटक सवार हैं, जिनमें अमेरिका के 20, कनाडा के 4, और भारत, दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन के 2–2 पर्यटक शामिल हैं। इन शाही मेहमानों को जयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण करवाया जा रहा है, जहां वे जयपुर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों का आनंद ले रहे हैं। यह ट्रेन पर्यटकों को राजस्थान की शाही विरासत और संस्कृति का अनुभव कराने के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन की गई है।

000

राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। औसत रूप से प्रदेश में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री से नीचे आ गया है। सीकर के फतेहपुर में पारा आज भी माइनस में दर्ज हुआ है। वहीं सीकर शहर का तापमान भी गिरकर एक डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इसी तरह करौली में न्यूनतम तापमान 2 दशमलव 2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया कि कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग विभिन्न उपाय अपना रहे हैं।

..............

राजधानी जयपुर में भी पारे में और गिरावट हुई है और ये 6 दशमलव 8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सवाईमाधोपुर और झुंझुनूं में खुले इलाकों में बर्फ जमी देखी गई। हनुमानगढ, श्रीगंगानगर, जयपुर, पाली और कई अन्य स्थानों पर सर्द हवाओं से ठिठुरन बढ गई है। मौसम केन्द्र जयपुर ने आगामी 3–4 दिन कई स्थानों पर शीतलहर के हालात रहने की संभावना जताई है।

000

गणतंत्र दिवस के सिलसिले में माई जी ओ वी प्लेटफॉर्म पर 10 से 13 दिसम्बर के बीच भारत की सांस्कृतिक विरासत और परम्परा के बारे में ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। रक्षा मंत्रालय की ओर से हो रही इस प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल और अन्य स्कूलों के विद्यार्थी, एन.सी.सी. कैडेट, एन.एस.एस. स्वयं सेवक और आमलोग भाग ले सकते हैं।

000

बांसवाड़ा में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जागरुकता के लिए शिविर लगाया गया। यह शिविर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इस शिविर में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप सिंह राठौड़ और उनकी टीम ने मानसिक समस्याओं से पीड़ित लोगों को मुफ्त परामर्श दिया। लोगों को घर बैठे परामर्श लेने के बारे में भी जागरुक किया गया।

000